**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 5047**

**बुधवार, 24 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## जीआई लोगो का प्रयोग

**5047. श्री गजानन कीर्तिकरः**
**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिकः**
**श्री सुधीर गुप्ताः**
**श्री बिद्युत बरण महतोः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विदेशी भौगोलिक सूचकांक (जीआई) उत्पादों को जीआई लोगो का उपयोग करने की अनुमति है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार कृषि, प्राकृतिक या विनिर्मित वस्तुओं को जीआई लोगो प्रदान करती है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा जीआई लोगो के साथ अंतिम बार उत्पाद-वार और राज्य-वार कौन-से उत्पाद जारी हुए हैं/जारी होने हैं;

(ङ) क्या नवीनतम अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक में भारत का दर्जा काफी नीचे है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं तथा सरकार द्वारा देश में आईपीआर व्यवस्था को सुधारने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किये गए हैं/और किए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्री**
**(श्री पीयूष गोयल)**

**(क) और (ख):** जी, नहीं।

**(ग) और (घ):** वस्तुओं का भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण एवं संरक्षण) अधिनियम, 1999 के प्रावधानों के अनुसार भौगोलिक संकेतक पंजीकरण द्वारा कृषि संबंधी, प्राकृतिक अथवा विनिर्मित वस्तुओं को भौगोलिक संकेतकों (जीआई) के रूप में पंजीकृत किए जाते हैं।

20.7.2019 की स्थिति के अनुसार, 301 भारतीय उत्पादों को जीआई के रूप में पंजीकृत किया गया है। राज्य-वार पंजीकृत भारतीय जीआई उत्पादों की सूची अनुबंध-। के रूप में संलग्न है।

**(ङ) और (च):** सरकार को किसी बहुपक्षीय संगठन द्वारा प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक के नाम से ऐसे किसी सूचकांक की जानकारी नहीं है। तथापि, अमरीका का वाणिज्य चैम्बर का वैश्विक बौद्धिक संपदा केन्द्र नामक एक निजी संस्था, अंतरराष्ट्रीय बौद्धिक संपदा सूचकांक तैयार करता है जो किसी देश में आईपी व्यवस्था की सम्पूर्ण वस्तु स्थिति से अवगत नहीं कराता है। सूचकांक में प्रयोग किए गए बौद्धिक संपदा अधिकार संकेतक चुनिंदा हैं और इसलिए ये भारत में बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण और नवप्रयोग की स्थिति का सही चित्र प्रस्तुत नहीं करते है।

भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) की सुरक्षा के लिए सुस्थापित विधायी, प्रशासनिक और न्यायिक ढ़ांचा मौजूद है, जो इसकी विकासात्मक चिंताओं का समाधान करने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में उपलब्ध कराए गए लचीलेपन का इस्तेमाल करते हुए इसके अंतराष्ट्रीय दायित्वों को पूरा करता है। भारत में बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार संबंधी पहलुओं (टीआरआईपीएस) के अनुपालन की मजबूत, निष्पक्ष और सक्रिय आईपीआर व्यवस्था है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने देश की आईपीआर व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं, जिनमें से कुछ निम्नानुसार हैं:

- राष्ट्रीय आईपीआर नीति, 2016 को भविष्य में देश में आईपीआर के विकास का मार्गदर्शन करने के लिए विजन दस्तावेज के रूप में 12.05.2016 को अपनाया गया था:
- प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम, 1957 और अर्धचालक एकीकृत परिपथ अभिविन्यास डिजाइन अधिनियम, 2000 तथा इनसे संबद्ध रजिस्ट्री उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) को हस्तांतरित कर दी गई हैं।
- इसके साथ ही, वित्त अधिनियम, 2017 के तहत, कॉपीराइट बोर्ड का बौद्धिक संपदा अपीलीय बोर्ड में विलय कर दिया गया है।
- पेटेंट नियमावली, 2003 और व्यापार चिह्न नियमावली, 2002 में संशोधन किया गया है जिसके जरिए आईपी प्रक्रियाओं का पुनर्रचना की गई है ताकि उन्हें कारगर एवं अधिक प्रयोक्ता अनुकूल बनाया जा सके।
- बौद्धिक संपदा कार्यालयों में श्रमशक्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है जहां नई भर्ती की गई है। श्रमशक्ति में हुई इस बढ़ोतरी के जांच और पेटेंट तथा व्यापार चिह्न आवेदनों के निपटान पर लाभकारी प्रभाव दिखाई देने लगे हैं। व्यापार चिह्न आवेदनों की जांच का समय भी 13 महीने से घटकर 1 महीना हो गया है। 2015-16 की तुलना में 2018-19 में पेटेंट आवेदनों का निपटान बढ़कर दोगुने से अधिक हो गया है।
- आईपीआर जागरुकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम अकादमिक संस्थानों, औद्योगिक संघों और प्रवर्तन एजेंसियों के लिए आयोजित किए जाते हैं।
- स्टार्टअप और एमएसएमई के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।
- प्रौद्योगिकी और अभिनवीकरण सहायता केंद्र (टीआईएससी) की स्थापना के लिए सरकार ने डब्ल्यूआईपीओ के साथ करार किया है।
- उच्च न्यायालय के वाणिज्यिक न्यायालय, वाणिज्यिक प्रभाग और वाणिज्यिक अपीलीय प्रभाग अधिनियम, 2015 के तहत स्थापित वाणिज्यिक न्यायालय भी आईपी विवादों का समाधान करते हैं।
- भारत ने पिछले 2 वर्षों में कई बहुपक्षीय संधियां और समझौते किए हैं जैसे कि चिह्नों को पंजीयन के उद्देश्य से वस्तुओं और सेवाओं के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण से संबंधित डब्ल्यूआईपीओ कॉपीराइट संधि, डब्ल्यूआईपीओ निष्पादन और फोनोग्राम संधि, नाइस समझौता, चिह्नों के आंकड़ों संबंधी तत्वों के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण को स्थापित करने वाला विएना समझौता तथा औद्योगिक डिजाइन के अंतरराष्ट्रीय वर्गीकरण को स्थापित करने वाला लोकार्नो समझौता

*****

अनुबंध – I

**दिनांक 24.07.2019 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 5047 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**जीआई लोगो के प्रयोग हेतु पात्र भारतीय जीआई उत्पादों की सूची**

| क्र.सं. | पंजीकृत जीआई उत्पाद | प्रकार | राज्य |
|---|---|---|---|
| 1 | गुंटूर सन्नम चिल्ली | कृषि | आंध्र प्रदेश |
| 2 | बान्दर लड्डू | खाद्य सामग्री | आंध्र प्रदेश |
| 3 | तिरुपति लड्डू | खाद्य सामग्री | आंध्र प्रदेश |
| 4 | अल्लागड्डा स्टोन कार्विंग्स | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 5 | आंध्र प्रदेश चमड़ा कठपुतली | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 6 | बोब्बिली वीणा | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 7 | बुदिथि बेल एंड ब्रास मेटल क्राफ्ट | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 8 | धर्मावरम हथकरघा पट्टु साड़ी और पावदास | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 9 | दुर्गी स्टोन कार्विंग्स | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 10 | एटीकोप्पका खिलौने | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 11 | कोंडापल्ली बोम्मलु | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 12 | मछलीपट्टनम कलमकारी | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 13 | मंगलगिरी साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 14 | श्री कलहस्थी कलमकारी | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 15 | उदयगिरी वुडन कटलरी | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 16 | उप्पडा जमदानी साड़ी | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 17 | वेंकटगिरी साड़ी | हस्तशिल्प | आंध्र प्रदेश |
| 18 | अरुणाचल ऑरेंज | कृषि | अरूणाचल प्रदेश |
| 19 | असम (ऑर्थोडोक्स) | कृषि | असम |
| 20 | असम कार्बी आंगलोंग अदरक | कृषि | असम |
| 21 | बोका चुल | कृषि | असम |
| 22 | असम का जोहा चावल | कृषि | असम |
| 23 | तेजपुर लीची | कृषि | असम |
| 24 | असम का मुगा सिल्क | हस्तशिल्प | असम |
| 25 | भागलपुरी ज़र्दालु | कृषि | बिहार |
| 26 | कटरनी चावल | कृषि | बिहार |
| 27 | मगही पान | कृषि | बिहार |
| 28 | बिहार की शाही लीची | कृषि | बिहार |
| 29 | सिलाओ खाजा | खाद्य सामग्री | बिहार |
| 30 | बिहार का पिपली (खटवा) कार्य | हस्तशिल्प | बिहार |
| 31 | भागलपुर सिल्क | हस्तशिल्प | बिहार |
| 32 | मधुबनी पेंटिंग | हस्तशिल्प | बिहार |
| 33 | बिहार का सिक्की घास उत्पाद | हस्तशिल्प | बिहार |
| 34 | बिहार का सिक्की घास उत्पाद | हस्तशिल्प | बिहार |
| 35 | बिहार की सुजनी कढ़ाई का काम | हस्तशिल्प | बिहार |
| 36 | बिहार की सुजनी कढ़ाई का काम | हस्तशिल्प | बिहार |
| 37 | जीराफूल | कृषि | छत्तीसगढ़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38 | बस्तर ढोकरा | हस्तशिल्प | छत्तीसगढ़ |
| 39 | बस्तर लौह शिल्प | हस्तशिल्प | छत्तीसगढ़ |
| 40 | बस्तर लकड़ी का शिल्प | हस्तशिल्प | छत्तीसगढ़ |
| 41 | चम्पा सिल्क साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | छत्तीसगढ़ |
| 42 | फेनी | विनिर्मित | गोवा |
| 43 | भालिया गेहूं | कृषि | गुजरात |
| 44 | गिर केसर आम | कृषि | गुजरात |
| 45 | कैम्बे के सुलेमानी पत्थर | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 46 | जामनगरी बंधानी | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 47 | कच्छ शॉल | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 48 | कच्छ कढ़ाई कार्य | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 49 | पाटन पटोला | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 50 | संखेडा फर्नीचर | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 51 | सूरत जरी शिल्प | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 52 | तंगालिया शाल | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 53 | पेठापुर प्रिंटिंग ब्लॉक | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 54 | राजकोट पटोला | हस्तशिल्प | गुजरात |
| 55 | हिमाचली काला ज़ीरा | कृषि | हिमाचल प्रदेश |
| 56 | कांगड़ा चाय | कृषि | हिमाचल प्रदेश |
| 57 | चंबा रूमाल | हस्तशिल्प | हिमाचल प्रदेश |
| 58 | कांगड़ा पेंटिंग | हस्तशिल्प | हिमाचल प्रदेश |
| 59 | किन्नौरी शाल | हस्तशिल्प | हिमाचल प्रदेश |
| 60 | कुल्लू शाल | हस्तशिल्प | हिमाचल प्रदेश |
| 61 | हिमाचली चुल्ली ऑयल | विनिर्मित | हिमाचल प्रदेश |
| 62 | कोल्हापुरी चप्पल | हस्तशिल्प | कर्नाटक और महाराष्ट्र |
| 63 | एलेप्पी ग्रीन इलायची | कृषि | केरल और तमिलनाडु |
| 64 | मालाबार मिर्च | कृषि | केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु |
| 65 | नागपुर ऑरेंज | कृषि | महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश |
| 66 | वर्ली पेंटिंग | हस्तशिल्प | महाराष्ट्र, गुजरात, दादर और नगर हवेली, दमन द्वीव |
| 67 | बासमती | कृषि | पंजाब/ हरियाणा /हिमाचल प्रदेश / दिल्ली / उत्तराखंड /उत्तर प्रदेश / जम्मू और कश्मीर |
| 68 | फुलकरी | हस्तशिल्प | पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान |
| 69 | अरकू वैली अरेबिका कॉफ़ी | कृषि | आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा |
| 70 | मनसूनेड मालाबार अरेबिका कॉफ़ी | कृषि | कर्नाटक और केरल |
| 71 | मनसूनेड मालाबार रोबस्ता कॉफ़ी | कृषि | कर्नाटक और केरल |
| 72 | बानगानपल्ली आम | कृषि | तेलंगाना और आंध्र प्रदेश |
| 73 | कानी शाल | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |
| 74 | कश्मीर पेपर माची | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |
| 75 | कश्मीर पश्मीना | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |
| 76 | कश्मीर सोज़ानी शिल्प | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |
| 77 | कश्मीर अखरोट की लकड़ी की नक्काशी | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |
| 78 | कश्मीरी हैंड नॉटेड कार्पेट | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |
| 79 | खतमबंद | हस्तशिल्प | जम्मू और कश्मीर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 80 | अप्पीमिडी आम | कृषि | कर्नाटक |
| 81 | बाबुबुदांगिरिस अरेबिका कॉफी | कृषि | कर्नाटक |
| 82 | बैंगलोर ब्लू अंगूर | कृषि | कर्नाटक |
| 83 | बैंगलोर रोज ऑनियन | कृषि | कर्नाटक |
| 84 | ब्यादगी मिर्च | कृषि | कर्नाटक |
| 85 | चिकमगलूर अरेबिका कॉफ़ी | कृषि | कर्नाटक |
| 86 | कूर्ग अरेबिका कॉफी | कृषि | कर्नाटक |
| 87 | कूर्ग हरी इलायची | कृषि | कर्नाटक |
| 88 | कूर्ग ऑरेंज | कृषि | कर्नाटक |
| 89 | देवनहल्ली पोमेलो | कृषि | कर्नाटक |
| 90 | हदगाली मल्लिगे | कृषि | कर्नाटक |
| 91 | कमलापुर लाल केला | कृषि | कर्नाटक |
| 92 | मैसूर पान पत्ता | कृषि | कर्नाटक |
| 93 | मैसूर मल्लिगे | कृषि | कर्नाटक |
| 94 | नंजनगुड केला | कृषि | कर्नाटक |
| 95 | सिरसी सुपारी | कृषि | कर्नाटक |
| 96 | उडुपी मल्लिगे | कृषि | कर्नाटक |
| 97 | उडुपी मट्टू गुल्ला बैंगन | कृषि | कर्नाटक |
| 98 | धारवाड़ पेड़ा | खाद्य सामग्री | कर्नाटक |
| 99 | बिदरीवारे | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 100 | चन्नपटना खिलौने और गुड़िया | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 101 | मैसूर का गंजीफा कार्ड | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 102 | गुलेदगुड खाना | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 103 | इल्कल साड़ी | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 104 | कर्नाटक ब्रोंजवेयर | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 105 | कसुती कढ़ाई कार्य | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 106 | किनहाल खिलौने | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 107 | मोलकलमुरु साड़ी | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 108 | मैसूर रोज़वुड इनले | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 109 | मैसूर सिल्क | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 110 | मैसूर पारंपरिक पेंटिंग | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 111 | नवलगुंद दरी | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 112 | सैंडूर लैंबनी कढ़ाई कार्य | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 113 | उडुपी साड़ी | हस्तशिल्प | कर्नाटक |
| 114 | मैसूर अगरबत्ती | विनिर्मित | कर्नाटक |
| 115 | मैसूर संदल साबुन | विनिर्मित | कर्नाटक |
| 116 | मैसूर चंदन का तेल | विनिर्मित | कर्नाटक |
| 117 | सेंट्रल त्रावणकोर गुड | कृषि | केरल |
| 118 | चेंगलिकोडन नेंद्रन केला | कृषि | केरल |
| 119 | मरयूर गुड (मरयूर शर्करा) | कृषि | केरल |
| 120 | नवारा चावल | कृषि | केरल |
| 121 | नीलाम्बुर सागौन | कृषि | केरल |
| 122 | पलक्कड़न मटका चावल | कृषि | केरल |
| 123 | वाझाकुलम अनानास | कृषि | केरल |
| 124 | वायनाड रोबस्टा कॉफी | कृषि | केरल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 125 | वायनाड गंधकसाल चावल | कृषि | केरल |
| 126 | वायनाड जीरकसला चावल | कृषि | केरल |
| 127 | एलेप्पी कॉयर | हस्तशिल्प | केरल |
| 128 | अरनमुला कन्नदी (अरनमुला मेटल मिरर) | हस्तशिल्प | केरल |
| 129 | बलरामपुरम साड़ी और महीन सूती कपड़े | हस्तशिल्प | केरल |
| 130 | केरल के पीतल के कढ़ाई वाले नारियल शैल शिल्प | हस्तशिल्प | केरल |
| 131 | कैनानोर होम फर्निशिंग्स | हस्तशिल्प | केरल |
| 132 | चेन्दमंगलम धोती और सेट मुंडू | हस्तशिल्प | केरल |
| 133 | कासरगोड साड़ी | हस्तशिल्प | केरल |
| 134 | कुत्थमपल्ली धोती और सेट मुंडू | हस्तशिल्प | केरल |
| 135 | कुथमपल्ली साड़ी | हस्तशिल्प | केरल |
| 136 | पलक्कड़ का मदालम | हस्तशिल्प | केरल |
| 137 | पयन्नूर पविथरा वलय | हस्तशिल्प | केरल |
| 138 | केरल का पेंच पाइन क्राफ्ट | हस्तशिल्प | केरल |
| 139 | कैफाद चावल | कृषि | केरल |
| 140 | रतलामी सेव | खाद्य सामग्री | मध्य प्रदेश |
| 141 | मध्य प्रदेश के बाग प्रिंट | हस्तशिल्प | मध्य प्रदेश |
| 142 | दतिया और टीकमगढ़ का बेल मेटल वेयर | हस्तशिल्प | मध्य प्रदेश |
| 143 | चंदेरी साड़ी | हस्तशिल्प | मध्य प्रदेश |
| 144 | इंदौर के चमड़े के खिलौने | हस्तशिल्प | मध्य प्रदेश |
| 145 | महेश्वर साड़ी और कपड़े | हस्तशिल्प | मध्य प्रदेश |
| 146 | झाबुआ कड़कनाथ काला चिकन मांस | विनिर्मित | मध्य प्रदेश |
| 147 | अजरा घनसाल चावल | कृषि | महाराष्ट्र |
| 148 | अलफोंसो | कृषि | महाराष्ट्र |
| 149 | अम्बोहर चावल | कृषि | महाराष्ट्र |
| 150 | बीड कस्टर्ड एप्पल | कृषि | महाराष्ट्र |
| 151 | भिवापुर मिर्च | कृषि | महाराष्ट्र |
| 152 | दहानू घोलवड़ चिकू | कृषि | महाराष्ट्र |
| 153 | जलगाँव केला | कृषि | महाराष्ट्र |
| 154 | जलगाँव भारित बैंगन | कृषि | महाराष्ट्र |
| 155 | जालना स्वीट ऑरेंज | कृषि | महाराष्ट्र |
| 156 | कोल्हापुर गुड | कृषि | महाराष्ट्र |
| 157 | लासलगाँव ऑनियन | कृषि | महाराष्ट्र |
| 158 | महाबलेश्वर स्ट्रॉबेरी | कृषि | महाराष्ट्र |
| 159 | मंगलवेद जौहर | कृषि | महाराष्ट्र |
| 160 | मराठवाड़ा केसर आम | कृषि | महाराष्ट्र |
| 161 | नासिक अंगूर | कृषि | महाराष्ट्र |
| 162 | नवापुर तूअर दाल | कृषि | महाराष्ट्र |
| 163 | पुरंदर अंजीर | कृषि | महाराष्ट्र |
| 164 | सांगली किशमिश | कृषि | महाराष्ट्र |
| 165 | सांगली हल्दी | कृषि | महाराष्ट्र |
| 166 | सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी कोकम | कृषि | महाराष्ट्र |
| 167 | सोलापुर अनार | कृषि | महाराष्ट्र |
| 168 | वेंगुरला काजू | कृषि | महाराष्ट्र |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 169 | वाघ्या घेवड़ा | कृषि | महाराष्ट्र |
| 170 | वायगाँव हल्दी | कृषि | महाराष्ट्र |
| 171 | करवथ कटि साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | महाराष्ट्र |
| 172 | पैठानी साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | महाराष्ट्र |
| 173 | पुनेरी पगड़ी | हस्तशिल्प | महाराष्ट्र |
| 174 | सोलापुर चादर | हस्तशिल्प | महाराष्ट्र |
| 175 | सोलापुर टेरी तौलिया | हस्तशिल्प | महाराष्ट्र |
| 176 | नासिक वैली वाइन | विनिर्मित | महाराष्ट्र |
| 177 | कच्छी नींबू | कृषि | मणिपुर |
| 178 | मोइरांग फी | हस्तशिल्प | मणिपुर |
| 179 | शफी लन्फी | हस्तशिल्प | मणिपुर |
| 180 | वांगखि फी | हस्तशिल्प | मणिपुर |
| 181 | खासी मंदारिन | कृषि | मेघालय |
| 182 | मेमोंग नारंग | कृषि | मेघालय |
| 183 | मिजो मिर्च | कृषि | मिजोरम |
| 184 | नागा मिरचा | कृषि | नागालैंड |
| 185 | चकेशंग शाल | हस्तशिल्प | नागालैंड |
| 186 | नागा टमाटर पेड़ | कृषि | नागालैंड |
| 187 | गंजम केवड़ा फूल | कृषि | ओडिशा |
| 188 | कंधमाल हल्दी | कृषि | ओडिशा |
| 189 | बरहामपुर पट्टा (फोडा कुंभा) साड़ी और जोडा | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 190 | बोमकई साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 191 | धलापथर परदा और फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 192 | गोपालपुर तुसार फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 193 | हाबासपुरी साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 194 | खंडुआ साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 195 | कोणार्क पत्थर की नक्काशी | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 196 | कोटपाड हैंडलूम फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 197 | उड़ीसा इकत | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 198 | उड़ीसा पट्टचरित्र | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 199 | पिपली ऐप्लीक वर्क | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 200 | संबलपुरी बंद साड़ी और फेब्रिक | हस्तशिल्प | ओडिशा |
| 201 | गंजम केवड़ा रूह | विनिर्मित | ओडिशा |
| 202 | तिरुकनूर पापियर माचे क्राफ्ट | हस्तशिल्प | पोंडीचेरी |
| 203 | विलियानूर टेराकोटा वर्क्स | हस्तशिल्प | पोंडीचेरी |
| 204 | बीकानेरी भुजिया | खाद्य सामग्री | राजस्थान |
| 205 | बगरू हैण्ड ब्लॉक प्रिंट | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 206 | जयपुर की ब्लू पॉटरी | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 207 | राजस्थान की कठपुतली | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 208 | कोटा डोरिया | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 209 | मोलेला क्ले वर्क | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 210 | पोकरण के बर्तन | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 211 | सांगानेरी हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 212 | थेवा आर्ट वर्क | हस्तशिल्प | राजस्थान |
| 213 | मकराना मार्बल | प्राकृतिक | राजस्थान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 214 | सिक्किम बड़ी इलायची | कृषि | सिक्किम |
| 215 | एठोमोझी लंबा नारियल | कृषि | तमिलनाडु |
| 216 | इरोड मंजल (इरोड हल्दी) | कृषि | तमिलनाडु |
| 217 | नीलगिरि (ऑर्थोडोक्स) | कृषि | तमिलनाडु |
| 218 | सिरुमलाई हिल बनाना | कृषि | तमिलनाडु |
| 219 | विरुपाक्षी हिल बनाना | कृषि | तमिलनाडु |
| 220 | अरनी सिल्क | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 221 | भवानी जमक्कलम | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 222 | चेट्टीनाड कोट्टन | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 223 | कांचीपुरम रेशम | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 224 | कोवई कोरा कॉटन साड़ी | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 225 | मदुरै सुंगुड़ी | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 226 | महाबलिपुरम स्टोन मूर्तिकला | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 227 | नाचीर्कोइल कुथुविलाक्कू ("नाचीर्कोइल लैंप") | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 228 | पट्टामदाई पाई ("पट्टमदाई माट") | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 229 | सेलम फेब्रिक | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 230 | सेलम सिल्क जिसे सेलम वेनपट्टू के नाम से जाना जाता है | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 231 | स्वामीमलाई कांस्य प्रतीक | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 232 | नागरकोइल के मंदिर आभूषण | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 233 | तंजावुर आर्ट प्लेट | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 234 | तंजावुर गुड़िया | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 235 | तंजावुर पेंटिंग | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 236 | तंजावुर वेनई | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 237 | थिरुबुवनम सिल्क साड़ी | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 238 | टोडा कढ़ाई कार्य | हस्तशिल्प | तमिलनाडु |
| 239 | कोयम्बटूर वेट ग्राइंडर | विनिर्मित | तमिलनाडु |
| 240 | ईस्ट इंडिया लेदर | विनिर्मित | तमिलनाडु |
| 241 | मदुरै मल्ली | कृषि | तमिलनाडु |
| 242 | हैदराबाद हलीम | खाद्य सामग्री | तेलंगाना |
| 243 | आदिलाबाद डोकरा | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 244 | चेरियल पेंटिंग्स | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 245 | गडवाल साड़ी | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 246 | नारायणपेट हैंडलूम साड़ी | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 247 | निर्मल फर्नीचर | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 248 | निर्मल पेंटिंग | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 249 | निर्मल खिलौने और शिल्प | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 250 | पेम्बर्थी मेटल क्राफ्ट | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 251 | पोचमपल्ली इकत | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 252 | सिद्दीपेट गोलाबामा | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 253 | करीमनगर की सिल्वर फिलिग्री | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 254 | वारंगल दरियाँ | हस्तशिल्प | तेलंगाना |
| 255 | त्रिपुरा क्वीन पाइनएप्पल | कृषि | त्रिपुरा |
| 256 | इलाहाबाद सुरखा अमरूद | कृषि | उत्तर प्रदेश |
| 257 | कालानमक चावल | कृषि | उत्तर प्रदेश |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 258 | आम मालिहाबादी दशहरी | कृषि | उत्तर प्रदेश |
| 259 | बनारस मेटल रिपोज क्राफ्ट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 260 | वाराणसी सॉफ्ट स्टोन जली कार्य | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 261 | आगरा दरी | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 262 | बनारस ब्रोकेड्स एंड साड़ी | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 263 | बनारस गुलाबी मीनाकारी क्राफ्ट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 264 | फर्रुखाबाद प्रिंट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 265 | फिरोजाबाद ग्लास | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 266 | गाजीपुर वॉल हैंगिंग | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 267 | भदोही का हैंड मेड कारपेट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 268 | कानपुर सदलेरी | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 269 | खुर्जा बर्तन | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 270 | लखनऊ चिकन क्राफ्ट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 271 | लखनऊ जरदोजी | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 272 | मिर्जापुर हस्तनिर्मित दरी | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 273 | मुरादाबाद मेटल क्राफ्ट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 274 | निज़ामाबाद ब्लैक पॉटरी | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 275 | सहारनपुर वुड क्राफ्ट | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 276 | वाराणसी ग्लास बीड्स | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 277 | वाराणसी वुडन लेकवेयर और खिलौने | हस्तशिल्प | उत्तर प्रदेश |
| 278 | कन्नौज इत्र | विनिर्मित | उत्तर प्रदेश |
| 279 | मेरठ कैंची | विनिर्मित | उत्तर प्रदेश |
| 280 | चुनार बलुआ पत्थर | प्राकृतिक | उत्तर प्रदेश |
| 281 | उत्तराखंड तेजपात | कृषि | उत्तराखंड |
| 282 | गोबिंदभोग चावल | कृषि | पश्चिम बंगाल |
| 283 | मालदा फाज़ली आम | कृषि | पश्चिम बंगाल |
| 284 | मालदा खिरसापति (हिमसागर) आम | कृषि | पश्चिम बंगाल |
| 285 | मालदा लक्ष्मण भोग आम | कृषि | पश्चिम बंगाल |
| 286 | तुलैपनजी चावल | कृषि | पश्चिम बंगाल |
| 287 | बांग्लार रसोगुल्ला | खाद्य सामग्री | पश्चिम बंगाल |
| 288 | बर्धमान मिहिदाना | खाद्य सामग्री | पश्चिम बंगाल |
| 289 | बर्धमान सीताभोग | खाद्य सामग्री | पश्चिम बंगाल |
| 290 | बंगाल डोकरा | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 291 | बालूचरी साड़ी | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 292 | बांकुरा पंचमुरा टेराकोटा शिल्प | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 293 | बंगाल पाचित्र | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 294 | धनिखली साड़ी | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 295 | जयनगर मोआ | खाद्य सामग्री | पश्चिम बंगाल |
| 296 | मदुरकथी | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 297 | नक्षि कंथा | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 298 | पुरुलिया चौ मास्क | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 299 | शांतिनिकेतन चमड़े का सामान | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 300 | शांतिपुर साड़ी | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |
| 301 | कुशमंडी वुडन मॉस्क | हस्तशिल्प | पश्चिम बंगाल |

*****